Published Date:	21 Nov 2018	Publication:	Shah Times (Hindi)
Edition:	New Delhi	Page No:	7
MAV/CCM:	23552/14.72	Circulation:	76555

टीसीएस आइटी विज़ का हुआ आयोजन

नई दिल्ली। प्रमुख आइटी सेवा, परामर्श तथा व्यायवसायिक समाधानों की कंपनी टाटा कंसल्टेन्सी सर्विसेज टीसीएस ने भारत के सबसे बड़े इंटर-स्कूल क्विज, टीसीएस आइटी विज़ का आयोजन किया। शनिवार को डोगरा हॉल, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी आइआइटी, दिल्ली में इसका आयोजन किया गया। इस साल के दिल्ली संस्करण में देहरादून, फरीदाबाद, गाजियाबाद, गुड़गांव, लखनऊ, मेरठ, पीलीभीत और सोनीपत की टीमों ने भी इसमें भाग लिया।

इस क्विज के आयोजन का उद्देज्य प्रौद्योगिकी कुशालता की ताकत के बढ़ते महत्व के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना था। कठिन मुकाबले वाली यह वार्षिक ज्ञानवर्द्धक पहल कक्षा 8 से 12 में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स के लिए थी। इसमें कोई प्रवेश शुल्क नहीं था। इस साल के टीसीएस आइटी विज़ विभिन्न तकनीकी धारा का सम्मिश्रण था जिसे एनिमेशन सॉफ्टवेर के प्रयोग से विकसित गैमिफिकेशन राउंड के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुतियों ने दर्शकों को काफी अचंभित किया। इसमें कुल 5 राउंड थे- मास पर्सनलाइजेशन, पारिस्थिति की तंत्र का लाभ उठाना, घातांकीय मूल्य निर्माण करना और जोखिम स्वीकार करना।